हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 अलाव बना सहारा...

10 बाल दिवस पर बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी, दिया भाषण...




## खबर संक्षेप

### नाबालिग बालक से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास



**बलौदाबाजार।** ग्राम गदहीडीह थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग बालक के अपहरण एवं अनाचार के गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो बलौदाबाजार ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार घटना के दिन सुबह छह वर्षीय बालक अपने घर के पास पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में खेल रहा था। इसी दौरान आरोपी सेवक राम ध्रुव पिता दाल सिंह, निवासी ग्राम चिखली थाना आरंग द्वारा बालक को बहला-फुसलाकर खेत की ओर ले जाया गया। जहां आरोपी ने बालक के साथ जबरदस्ती करते हुए उसके साथ मारपीट की और पैर बांध दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर पास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध अपहरण अवैध बंधन मारपीट एवं अनाचार सहित लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक निशा शर्मा द्वारा साक्ष्यों को प्रमाणित किया गया। बचाव एवं अभियोजन पक्ष की दलील सुनने के पश्चात विशेष न्यायाधीश पॉक्सो गिर्जेश प्रताप सिंह ने शेष पेज 10 पर

### अर्जुनी खरीदी केंद्र में की गई पूजा-अर्चना, किसान का तिलक लगाकर किया सम्मान

# धान खरीदी का सांसद बृजमोहन ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य जिले में 15 नवंबर शानिवार से प्रारंभ हो गया। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उपार्जन केन्द्र अर्जुनी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर औपचारिक रूप से धान खरीदी का शुभारंभ किया। केन्द्र में धान विक्रय करने आये किसान छेदू राम वर्मा को तिलक लगाया और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। किसान को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के एक -एक दाना धान खरीदी करेगी। इस अवसर पर लोगों की मांग पर अर्जुनी में सहकारी समिति भवन निर्माण के लिए 10 लाख



एवं सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी होगी। सभी उपार्जन केंद्रों में कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। किसानों को धान बेचने में कोई चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से उपार्जन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, टोकन, बरदाने सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो। किसानों से कहा कि धान की राशि को अच्छे कार्य में उपयोग करें। इस अवसर पर जिला पंचायत शेष पेज 10 पर

## नपा अध्यक्ष ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**भाटापारा।** विधानसभा अंतर्गत तरेंगा एवं धुर्राबंधा में धान खरीदी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में हुआ।इस अवसर पर तारेंगा से सतीश सोनी, धनेश साहू सरपंच प्रतिनिधि, राकेश रात्रे, टोपेश्वर साहू, महादेव साहू, बजरंग साहू, मनोज भोई, आनंद देवांगन, जन्तराम चेलक, विनोद वर्मा, लखन वर्मा, टेकराम टीका, हरिचरण यदु, समिति प्रबंधक शिव यादव तथा धान खरीदी प्रभारी अजय दुबे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।



धुर्राबंधा के सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी दिनेश वर्मा, भाजपा नेता पवन वर्मा, पूर्व सरपंच हेमंत वर्मा, राम प्रसाद निषाद, शिव सोनवानी, धनसा सोनवानी, दुर्गेश घृतलहरे, मनीराम वर्मा, धर्मेंद्र मेरी, कृषि साख समिति के प्रभारी प्रबंधक राम नारायण कन्नौज उपस्थित थे। इस अवसर पर अश्वनी शर्मा ने कहा कि कृषक हमारी व्यवस्था की धुरी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान-हितैषी नीतियों के कारण खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, त्वरित और पूरी तरह सुव्यवस्थित रूप में संचालित हो रही है, ताकि हर किसान सम्मानपूर्वक अपनी फसल बेच सके।

## बरदा सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ

**मुंडा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र बरदा में ताला लगा हुआ था, ताला तोड़कर खाद्य विभाग के नोडल अधिकारी सुमन डडसेना व तहसीलदार की उपस्थिति में प्रांगण की साफ-सफाई की जायजा लेते हुए समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल वर्मा की उपस्थिति में तराजू बाट की पूजा अर्चना की और धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस मौके पर लवन तहसीलदार पेखन टोंडरे व सीओ खिलेंद्र नायक, सरपंच प्रतिनिधि दुकालू बंजारे समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल वर्मा, शंकर वर्मा, धनीराम, जयराम वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# पलारी ब्लॉक में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के बीच पलारी ब्लॉक में अन्य विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति में धान खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। समिति कोदवा उपार्जन केंद्र ससहा में शुक्रवार को धान खरीदी का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे। उपार्जन केंद्र में पहले दिन कुल 334 कट्टा धान की खरीदी की गई। इसमें सरना धान 256 कट्टा, मोटा धान 78 कट्टा की किसानों से खरीदी की गई।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपक निकुंज, प्राधिकृत अधिकारी मुकेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संडी, ग्राम पंचायत ससहा के सरपंच, जनपद सदस्य कुंदन साहू, सहकारिता विभाग के सीईओ नेताम, शाखा प्रबंधक संजय वर्मा, सुपरवाइजर पुरुषोत्तम वर्मा, सरपंच कोदवा मुरली टंडन, पूर्व सरपंच सुंदरी, शिवचरण सुरतांगे (सकरी), सरपंच महेंद्र सहित चारों ग्रामों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा किसानों में गोपाला वर्मा, देवकुमार वर्मा, गंगाराम साहू, खेमलाल साहू, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, खेलावन निर्बलक, घनश्याम साहू, चंद्र कुमार साहू, थानू राम, दौलत साहू, रूपेंद्र साहू, देवचरण साहू, मोहन साहू, जुगेंद्र धीवर, दुकलहा साहू, सोनू साहू, भेखम साहू सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## हायर सेकंडरी खम्हारिया में आनंद मेला लगा

**गोपालपुर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया में बाल दिवस पर अनेक कार्यक्रम हुए, जिसमें मुख्य रूप से बाल आनंद मेला एफ एलएन मेला तथा न्योता भोज शिक्षकों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी बच्चों ने अलग-अलग खेलों में रुचि दिखाई। न्योता भोज में बच्चों को पूरी-सब्जी एवं खीर परोसी गई। प्राचार्य एस एल पटेल प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।ग्रामीण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।






## खबर संक्षेप

### गाड़ाभाठा में आज होगी चौसर प्रतियोगिता

घोटिया। गाड़ाभाठा में आज चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे। आयोजनकर्ताओं के अनुसार प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को 7,000 रुपये, द्वितीय स्थान पर आने वाले को 5,000 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3,000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### रासेयो के छात्रों ने दी भाषण और कविता की प्रस्तुति

**बगबुड़ा**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (खैरा) में प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भाषण और कविता की प्रस्तुति में नेहरूजी के जन्मोत्सव को मनाया। प्राचार्य ने पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षक अनुशवर यादव, कैलाश साहू, सतीश भारद्वाज, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, पेमेशवरी नेताम, अखिलेश धृतलहरे, स्वयंम सेवक उपाध्यक्ष साधना यादव, कोषाध्यक्ष रामेश्वरी पैंकरा शामिल थे।

### रोहिना में संकुल स्तरीय एफएलएन मेला लगा





गोपालपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोहिना में संकुल स्तरीय एफएल एन मेला लगा, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला हरदी, धोबनिडीह, मधुबन खुर्द, पिपरभावना (ते), रोहिना के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन पर पूजन कर बच्चों ने केक काटा। मुख्य अतिथि सुनीति साहू जनपद सदस्य, सरपंच सुदर्शन सिंग प्रधान विशेष आमंत्रित अतिथि के द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किया। कार्यक्रम में भरत लाल साहू, कमलेश कुमार खटकर, रवि प्रभा साहू, गणपत खूंटे, रामकुमार भास्कर, अरुण कुमार भारती, मनीष कुमार, लेखराम, जितेंद्र कुमार देवांगन, सरिता साहू, नागेश्वर प्रसाद मांझी, सनत कुमार भारती, भगत राम लहरे का सहयोग सराहनीय रहा।

### हायर सेकंडरी रिसदा में हुई विभिन्न स्पर्धाएं



रिसदा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षकों ने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए अनुशासनात्मक दायरे में रहते हुए देश हित एवं गौरवशाली भारतीय परम्परा का निर्वहन करने का नसीहत उपस्थित छात्र छात्राओं को दी। बाल दिवस पर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताओं कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, स्लो साइकिल रेस, चम्मच दौड़ का आयोजन रहा।

## पेज 9 के शेष

### नाबालिग बालक से ...

आरोपी सेवक राम ध्रुव को दोषी पाते हुए धारा 363, 365, 342, 377, 323 भा.द.वि. एवं 4(2), 8 पॉक्सो अधिनियम के तहत 20 वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया गया।

### धान खरीदी का ...

अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आयोजन : बच्चों ने पंड़ित नेहरू को किया याद, बालदिवस पर हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

# बाल मेले में छात्रों ने उठाया विभिन्न पकवानों का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

नगर के लोटस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर आनंद मेला का आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कार्यक्रम की शुरूआत की। सभापति रेवती रमा पटेल, पार्षद महादेव यादव, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सोनी, पार्षद रामकुमार सिदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुआ और आनंद मेला का लुप्त उठाया। आनंद मेले में बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन जैसे गुपचुप, चाट, मंचूरियन, फ्रेस फ्राइज़, आइसक्रीम, जराई चना, दाबेली, पाव भाजी, भेल इत्यादि बनाये थे, जहां सभी पालक व अतिथिगण स्वादिस्ट व्यंजन का मजा लिए। वहीं आनंद मेला फन फेयर में एक दो झूले और गेम भी लगाए गए थे और पालकगण के लिए ऑब्जेक्टिव क्विज सामान्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जहां पालको ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। यह आनंद मेला का कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक चला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल स्टॉफ का सहयोग रहा।



### आदर्श विद्या मंदिर में बाल दिवस मनाया

**बगबुड़ा**। बाल दिवस पर आदर्श विद्या मंदिर अहिल्दा में स्कूल प्रबंधन ने छात्रों में कौशल क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों की जिम्मेदारियां सौंपीं थी, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी एवं व्यंजन मेले को प्राथमिकता के तौर पर रखा गया था। एक ओर बच्चों के द्वारा थर्मोकोल एवं कागज से विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए, जिनमें सेव अर्थ, चंद्रयान, मिसाइल, एवं अन्य डिजाइन सहित अयोध्या के राम मंदिर की सुंदर मॉडल बनाया गया था तो वहीं दूसरे तरफ बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया था। इस अवसर पर विजय यदु, अंकित कुमार साहू, ओम प्रकाश वर्मा पंच, स्कूल के प्रधान प्रचार्य संतोष वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा, सुरीत कुमार वर्मा, विक्रम लहरे, माधुरी कैवरत्य, केवल भारद्वाज, बबली सेन, लक्ष्मी वर्मा, ज्योति वर्मा, राजू लहरे, हुलसी वर्मा सहित पालकगण एवं छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### पूर्व माध्यमिक शाला में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**खरोरा**। पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बाल दिवस पर रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे समाज की आशा और उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उनकी रचनात्मकता, जिज्ञासा और ऊर्जा ही कल के भारत का निर्माण करेगी। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायी वातावरण तैयार करना है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर एवं संगम कुमार मन्नाडे विशेष रूप से उपस्थित थे।



### एफएलएन मेला का आयोजन



**मुंडा**। प्राथमिक शाला पैजनी में 14 नवंबर बाल दिवस पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सरपंच लोकेश्वर वर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच हलदर वर्मा व उपसरपंच यशवंत वर्मा और संकुल समन्वय समारू दास बांधे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा ने की। इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी। एफ एल एन मेला में बच्चों ने कर के सीखबो की तर्ज पर हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषय पर स्टॉल में जादू की पोटली, मेरा रिंग मेरा वर्ण, उंगली फिर आओ शब्द बनाओ, मैं हूं कौन पहचानो, आओ ध्वनि पहचानो, आओ प्रश्न पूछे, राजा रानी, पर्ची उठाओ करके बताओ इसी प्रकार गणित विषय में जोड़ मशीन, आओ घटाएं, आकृतियों की पहचान, कौन इकाई कौन दही, कौन पहले कौन बाद, मेरा घड़ी तुम्हारा समय, आओ गिन कर पहाड़ बनाएं, समान खरीदो पैसा दो, बड़ा, छोटा, बराबर,मुझे मेरी जगह बताओ, अंग्रेजी में कलर नेम, बॉडी पाट्र्स, एक्शन वर्ड, फूड आइटम जैसे आदि विषयों पर बच्चों ने करके सीखे। इस अवसर पर छुनिया विश्वकर्मा, कुंती बाई, प्रीत बाई, रामवती , गौतरहीन, अंजली वर्मा, अनीता बाई, चांदनी मानिकपुरी, कौशिलया विश्वकर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक संतोष कुमार पैंकरा, लोमस कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण कुमार रात्रे, सुकृत सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, दीपमाला तिवारी, हुलसी वर्मा, गीतांजलि पटेल, मनोज कुमार, लक्ष्मी नारायण आदि उपस्थित थे।

### बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा ने बिखेरी नई चमक



**खरोरा**। प्राथमिक शाला मांठ में एफएलएन मेला आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने विविध विषयों पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम की प्रभारी प्राचार्य हेमलता साहू ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित, भाषा, अंग्रेजी तथा बालवाड़ी संबंधी अवधारणाओं को रोचक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करना है। बच्चों द्वारा तैयार किए गए स्टॉल अत्यंत रचनात्मक, प्रेरणादायी और सीख से परिपूर्ण थे, जिन्होंने अभिभावकों और आगंतुकों को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण आशाराम वर्मा, मनोज कुमार बघेल, यामीन वर्मा, मंजू देवांगन, शिवानी वर्मा तथा वसुंधरा साहू उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त जानकारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा प्रदान की गई।

### स्कूल में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**मुंडा**। चिरपोटा के हाईस्कूल में 14 नवंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों में डांस गीत भाषण पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मनमोहन लिया और बच्चों ने चाचा नेहरू को याद किया। प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र कुमार सोनवानी द्वारा बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत अधिक लगाव था वे सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की वकालत करते थे, जिससे एक बेहतर समाज का निर्माण हो। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार पटेल, कृष्णा पाण्डेय, जीवन लाल रजक, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फेकर एवं विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### माचिस की तिल से छात्रों ने बनाया आकर्षक मॉडल

**खरोरा**। प्राथमिक शाला नहरडीह में बाल दिवस पर एफएलएन मेला का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साह दिखाते हुए अपने कला के हिसाब से गुणा, भाग, त्रिभुज, आयताकार, माचिस की तिल्ली की सहायता से इकाई दहाई, फूल का चित्र के साथ उनके नाम और अनेक प्रकार का चार्ट व मॉडल बनाकर लाया, जो बच्चे उसे चार्ट को बनाकर लाए थे उनसे गांव के सरपंच व सदस्यगण सवाल किया गया तो बच्चों ने स्पष्ट रूप से अपने नाम व कक्षा का परिचय देते हुए उसे चार्ट के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। इस मौके पर सरपंच जनप्रतिनिधि, स्कूल सदस्यों ने न्योता भोज का कार्यक्रम रखा, जिसमें छात्रों को विभिन्न व्यंजन परोसे गए। कार्यक्रम में सरपंच अनिल सायतोड़े, पंच पुनाराम स्कूल सदस्य कामता, रामस्वरूप, मनोज, दिलीप, अमिन, प्रमिला, त्रिवेणी, राजकुमारी, पूर्णिमा, हेमीन व पालक गण सहित स्कूल प्रधान पाठिका सविता वर्मा, शिक्षक प्रदीप खूंटे ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।



### खेलकूद और प्रेरक विचारों का संगम हुआ

**हिरमी रावन**। बालदिवस पर ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में बच्चों के मनोरंजन और उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे स्कूल परिसर में उल्लास का माहौल बन गया। यह दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें बच्चे 'चाचा नेहरू' कहकर प्यार से पुकारते थे।बच्चों ने लिया खेलकूद में उत्साह से भाग इस विशेष अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के लिए कई रोचक खेलों का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। ये गतिविधियां न केवल मनोरंजन का साधन बनीं, बल्कि उन्होंने टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा दिया। कार्यक्रम को प्राचार्य और शिक्षकों ने संबोधित करते हुए चार्चा नेहरू की उपलब्धि गिनाई।

### न्योता भोज का आयोजन



लवन। ग्राम पंडरिया के पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल में बाल दिवस पर न्योता भोज का आयोजन शिक्षकों द्वारा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति, प्राचार्य किशोर कुमार साहू, सरखोर प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा, पूर्व माध्यमिक अहिल्दा संकुल समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी, मनोज साहू, शालिनी बाजपेई, विश्वनाथ कोसले, विशेष रूप से उपस्थित थे। न्योता भोज का आयोजन हाई स्कूल पंडरिया के प्राचार्य मनोज कुमार शांडिल्य, बुधराम लहरे, व्याख्याता सत्येंद्र मनहरे, शिक्षक रामचंद्र श्रीवास, अभिमन्यु साहू, मुक्ति काले के मार्गदर्शन में किया गया। मध्यान भोजन में बच्चों को लड्डू, आलू चाप, ढोकला, केला, चावल, दाल, टमाटर की चटनी, पापड़ आदि विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। अतिथियों द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन शैली पर विस्तार से बच्चों को बताया गया।

### निबंध लेखन, रंगोली और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता




**खरोरा**। मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, रंगोली, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य पीएन साहू ने कहा कि बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके सर्वांगीण विकास तथा शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना है। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं हेमलता नशीने, मंगलेश्वरी यादव, उषा वर्मा, शीतल साहू, दामिनी देवांगन, पूजा देवांगन, प्रियंका नेताम और मंजूषा योगेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा।

### बाल दिवस पर स्कूल में लगा आनंद मेला

**भाटापारा**। बाल दिवस पर पूर्व मा.शाला के बच्चों द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। साथ ही प्राथमिक स्कूल में एफएलएन के माध्यम से मॉडल बनाकर ज्ञान वर्धन जानकारी का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में अतिथि जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, जनपद सभापति सीता शशिकांत ध्रुव, संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सरसिहा, सरपंच कौशल्या तुरकिया, उपसरंपच गंगा प्रसाद वर्मा, पुतीलाल भारती, कमलकांत मिश्रा, सचिव भवर सिंह ध्रुव, राजू बंजारे, भुनेश्वर प्रसाद ध्रुव, सुरेश कुमार वर्मा, युवराज वर्मा, भुनेश्वर कोसले, सिरमत साहू, लालू ध्रुव, ढेलू ध्रुव, मनोहर साहू, नीरा साहू, धनऊ ध्रुव, धनेश्वर निषाद, तिलक वर्मा, अजय वर्मा और स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित थे।





### पूर्व माध्यमिक स्कूल में हुई कौन बनेगा करोड़पति प्रतियोगिता

**लवन**। ग्राम अहिल्दा की पूर्व माध्यमिक शाला में बाल दिवस पर कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर एक खेल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी के रूप में कुमारी राधा, कुमारी रश्मि लसेर, कुमारी दिव्या, पारसमणी वर्मा एवं अन्य छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों से पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर आधारित प्रश्न पूछे गए पांच प्रश्नों का उत्तर देकर पारसमणी वर्मा कक्षा छठवीं को कार्यक्रम का विजेता घोषित किया गया, द्वितीय स्थान पर कुमारी राधा एवं रश्मि रही शिक्षकों द्वारा चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण संकुल समन्वयक सुशील कुमार सोमानी, प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा, शिक्षिका शालिनी बाजपेयी, शिक्षक ईस्वर प्रसाद साहू, विश्वनाथ कोसले द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भविष्य में इसी तरह के आयोजन होते रहने की जानकारी संस्था के प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा द्वारा दी गई।

### हायर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस और जनजाति गौरव पखवाड़ा मना

**रवान**। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर्मदा में बाल दिवस एवं जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा एवं भारत के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के तेल चित्र पर तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य नागेश्वर प्रसाद पटेल ने कहा भारत सरकार 15 नवंबर देशभर में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मना रही है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा का बलिदान को राष्ट्र सेवा राष्ट्र की रक्षा समाज उत्थान में किए गए कार्य को देश को समर्पित कर आज जनजाति गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती पूरे भारतवर्ष में गौरव पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। बाल दिवस पर विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को चॉकलेट, पुलाव खिलाकर स्वागत किया गया । बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, मटकी फोड़, खो-खो, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख सरस्वती वर्मा, पूर्व सरपंच रामनाथ सोनी,शेष नारायण वर्मा, जय नारायण सोनी, अध्यक्ष शाला विकास समिति महेश वर्मा, अमरीश सोनी, शिक्षकगण अनिला थोरात, रमन साहू, कृपा शंकर साहू, दुर्गावती मरकाम, मधु वर्मा, ऐश्वर्या साहू, गंगाराम पैकरा, यदुनाथ साहू, नीलू साहू, दानेश्वरी वर्मा, देवेंद्र ध्रुव, दीपेश साहू, प्रीति, बाला, सुलेखा वर्मा, परमेश्वर साहू, मनहरण ध्रुव, इंदिरा नेताम, मनोज, मायाराम वर्मा, गीता सेन, सावित्री वैष्णव, संजय धर्मेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।



## बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी, दिया भाषण और किया सामूहिक भोज

**घोटिया**। पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला धौराभाटा में एफएलएन मेला, बाल दिवस एवं न्योता भोजन का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी तक के बच्चों ने ज्ञान एवं समझ पर आधारित विभिन्न गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय और उनके योगदान पर प्रभावी भाषण भी प्रस्तुत किया। बाल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत की ओर से बच्चों के लिए न्योता भोजन रखा गया। बच्चों की पसंद के अनुरूप उन्हें खीर और पूरी परोसी गई, जिसका सभी ने आनंद लिया।

कार्यक्रम में सरपंच सरस्वती साहू, उप सरपंच गोपाल साहू, सरपंच प्रतिनिधि सालिक राम साहू, ग्राम प्रमुख पूरन निषाद, गणमान्य नागरिक छेदुराम साहू, पीलाराम साहू, रामअवतार साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़ान से डॉक्टर कौशल नेगी और डॉक्टर चंद्राकर उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक विश्वनाथ साहू, प्रधान पाठक डोमार सिंह ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, खेमलाल साहू, भुनेश्वर वर्मा, रविंद्र साहू, भूपेंद्र देवांगन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रुक्मणी साहू सहित स्टाफ शामिल रहा।





### फैंसी ड्रेस में छात्र बने डॉक्टर, शिक्षक और चाचा नेहरू



बगबुड़ा । बाल दिवस अवसर पर संत थॉमस स्कूल लवन में संस्था द्वारा फैंसी ड्रेस शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न किरदारों के रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रांगण बच्चों के मुस्कान और रंग बिरंगे परिधानों से गुलजार नजर आया। जिसमें बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानी, चाचा नेहरू, डॉक्टर, शिक्षक, पर्यावरण रक्षक, भगवान शिव, नारी शक्ति रानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चन्द्र बोस, समाजसेवी जैसे विभिन्न किरदारों के रूप धारण कर अभिनय, संवाद प्रस्तुति और पोशाक की सुंदरता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य साजी पाराडियिल के बताया कि 14 नवंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था। नेहरूजी बच्चों से अत्यधिक स्नेह करते थे और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। इसलिए इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और प्रस्तुति करने की कला का विकास करना है।

## खबर संक्षेप



### बिहार में एनडीए की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

भटगांव। भाजपा मंडल भटगांव ने बिहार में एनडीए को विधानसभा चुनाव ने दो सौ से ज्यादा सीटें मिलने पर नगर के बस स्टैंड दमदमा चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक जीत के लिए खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन, जिला मंत्री रेवती चंद्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष झाड़ू चंद्रा, गुड्डा साहू, राजू केसरवानी, श्याम लाल साहू, खेलन यादव, झाड़ूराम चंद्रा, रविन्द्र सिंह बनाफर, तुलसी, आदित्य, रमेश साहू, बाबा खान, रामनाथ साहू, रमेश साहू, रमा पटेल, टाइगर कुर्रे, टमम्क सोनी, राजेश सिदार, रामाधार यादव एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10 लाख एवं 5 लाख की नई सीसी रोड की घोषणा की

# विधायक ने 53 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के ग्राम खैरघट में 6.5 लाख के सतनाम भवन, मांडर-ब में 7 लाख की सीसी रोड, खडवा में 6.5 लाख का साहू समाज भवन एवं 3 लाख के पेवर ब्लॉक, बिनैका में 15 लाख के चेक डेम तथा औरेठी में 15 लाख के चेक डेम का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

विधायक इन्द्र साव ने कार्यक्रम में कहा भाजपा सरकार बिजली बिलों में लगातार बढ़ोतरी कर आम जनता की जेब काट रही है। ग्रामीण और किसान वर्ग आज सबसे अधिक परेशान है, लेकिन सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं। धान खरीदी के लिए न गोदाम की व्यवस्था है, न परिवहन की सरकार सिर्फ घोषणाओं में व्यस्त है, किसान धरातल पर टोकन के लिए परेशान है। एग्री-टेक नीति पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की खेती को कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की कोशिश की जा रही है। हम इस किसान-विरोधी नीति का हर मोर्चे पर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के बाद भी क्षेत्र में विकास कार्य रुकने नहीं दिए जाएंगे। सरकार चाहे जितना रोड़े डाले, सिमगा ब्लॉक के गांवों का विकास नहीं रुकने दूंगा। वहीं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि विधायक इन्द्र साव ने विपक्ष में रहकर भी गांव-गांव में करोड़ों के विकास कार्य कराए रहें हैं यह उनकी सक्रियता और संघर्ष का परिणाम हैं। हम सब भाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र में ऐसा जनसेवक है जो हर समय जनता के लिए खड़ा रहता है ।

इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक इन्द्र साव ने गांव के लिए 10 लाख एवं 5 लाख रुपये की नई सीसी रोड की घोषणा भी की। कार्यक्रम में सभी गांवों के सरपंच-पंच सहित देवचरन मार्कण्डेय, रत्नेश शर्मा, धर्म वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, लोमन घृतलहरे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, मुकेश बंजारे, नरेश साहू, दाउराम यदु, झाड़ूराम साहू, लाला, बसंत वर्मा, खूबीराम साहू, सत्यजीत सेंडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# संकटग्रस्त परिवार को अन्नपूर्णा मुहिम से मिली राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



- ग्राम रामपुर में संत रामपाल के अनुयायियों ने दी सहायता सामग्री

कसडोल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम रामपुर पोस्ट कटगी तहसील टुंड्रा की निवासी रानी बाई कंडरा 35 वर्ष को राहत सामग्री प्रदान की गई। तीन माह पूर्व उनके पति श्यामसुंदर कंडरा का निधन बुखार और उपचार के अभाव में हो गया था, जिसके बाद से परिवार आर्थिक संकट में जीवनयापन करने को मजबूर है। परिवार में चार बच्चे हैं और घर की संपूर्ण जिम्मेदारी रानी बाई पर ही है। महतारी वंदना योजना से प्राप्त 1000 प्रतिमाह और राशन कार्ड से मिलने वाले 35 किलो चावल के अलावा परिवार के पास कोई अन्य साधन नहीं है। न पशुधन न बैंक बैलेंस है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो किस्तें प्राप्त हुई थीं परंतु छत ढलाई नहीं हो सकी जिससे तीसरी किस्त लंबित है। घर में बाथरूम भी नहीं है और परिवार अत्यंत गरीबी में जीवन यापन कर रहा है। राहत सामग्री की गई प्रदान मुहिम के अंतर्गत परिवार को निम्न आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं। 25 किग्रा चावल, 5 किग्रा आटा, 5 किग्रा प्याज, 5 किग्रा आलू, 2 लीटर सरसों तेल, मसाले नमक 4 किग्रा चीनी, चाय, दूध पाउडर, चार प्रकार की दालें, बेसन, दालिया, नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन, वाशिंग पाउडर, बच्चों के लिए दो-दो जोड़ी कपड़े, बहन के लिए दो साड़ी, दो पेटीकोट, चार जोड़ी चप्पल, दो कंबल, पांच गर्म कपड़े, चार स्कूल बैग, दो पानी बोतल, पेन व पेंसिल पैकेट स्टील ड्रम मच्छरदानी बिजली बोर्ड बल्ब और नेवार इत्यादि ।

लाभार्थी और ग्रामीणों की प्रतिक्रिया लाभार्थी रानी बाई कंडरा ने कहा कि संत रामपाल महाराज भगवान के रूप में हमारी मदद के लिए सभी सामग्री भेजे हैं उन्हें प्रणाम। सरपंच प्रतिनिधि चंद्रभान साहू ने बताया कि हमारे क्षेत्र में आज तक सहायता देने कोई नहीं आया। संत रामपाल महाराज पहले संत हैं जो गरीबों को सहायता दे रहे हैं। पूर्व सरपंच जोईश चौहान ने कहा कि संत रामपाल महाराज द्वारा बच्चों के लिए रोटी कपड़ा शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था अत्यंत सराहनीय है।

संकुल समन्वयक चंद्रशेखर बसोड़ ने मुहिम को अत्यंत नेक कार्य बताते हुए संत महाराज के प्रति आभार व्यक्त किया। संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम लगातार ऐसे गरीब विधवा एवं असहाय परिवारों तक राहत सामग्री पहुँचाकर समाज में मानवता और सेवा की मिसाल प्रस्तुत कर रही है।

# पीएमश्री स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत में संचालित पीएम श्री स्कूल में सरस्वती योजना के तहत साइकिल वितरण हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्राओं को की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू, समिति के सदस्य अभिजीत श्रीवास, बसंत श्रीवास, पार्षद रामा धीवर, युवा मोर्चा महामंत्री हरिकांत साहू, पालकगण एवं नगर पंचायत के सदस्य उपस्थित थे। सभी अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को बैच लगाकर निरंतर पढ़ाई करने कहा।

प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि हमारा स्कूल निरंतर पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ते जा रहा हैं। यहां लगातार दो वर्षों से राज्य स्तर पर बोर्ड परीक्षा में टॉप दस में अपना नाम दर्ज हुआ है। आप सभी शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले। शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाने अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है, उसका लाभ उठाये। समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू ने आभार ज्ञापित किया।

# अलाव बना सहारा...



**हिरमी रावन**। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी इलाकों में अचानक ठंड बढ़ी है। पिछले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर सबसे ज़्यादा महसूस हो रहा है, जिसने लोगों को घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया है। अलाव के पास जुटे लोगठंड से बचने के लिए शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। गली-मोहल्लों, चौराहों और बाजारों में जगह-जगह लकड़ी और कबाड़ जलाकर लोग आग तापते हुए दिखाई दिए। दफ्तर जाने वाले और दिहाड़ी मजदूर खासकर सुबह-सुबह ठंड से राहत पाने के लिए चाय की दुकानों के पास अलाव के इर्द-गिर्द जमा हो रहे हैं। बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से गर्म रहने की सलाह दी जा रही है। स्थानीय हिरमी निवासी दिलेश्वर मढरिया ने बताया, दो दिन पहले तक मौसम ठीक था, लेकिन अब अचानक इतनी ठंड हो गई है कि बिना आग तापे गुज़ारा नहीं है। जैकेट, स्वेटर, शॉल और ऊनी टोपी की बिक्री में तेजी आई है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सलाह तेज़ी से गिरते तापमान को देखते हुए, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# हायर सेकंडरी में अर्धवार्षिक परीक्षा जारी



**खरोरा**। मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 से 17 नवंबर तक अर्धवार्षिक परीक्षा संचालित है । कक्षा पी पी 1 से कक्षा ग्यारहवीं की कक्षाएं में सभी शिक्षकों ने पर्यवेक्षक का कार्य का निर्वाहन कर रहे हैं। हेमलता निशाने, मंगलेश्वरी यादव, शीतल साहू, पूजा देवांगन, नमिता कंवर, दामिनी देवांगन, प्रियंका नेताम आदि शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्राचार्य ने पीएन साहू ने छात्रों से आग्रह किया कि वे पूरी ईमानदारी और मेहनत से परीक्षा में सम्मिलित हो और अच्छे परिणाम प्राप्त करें। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र में शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी शिक्षक और परीक्षा कर्मियों की टीम का सराहनीय है।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सरदार पटेल की जयंती पर कॉलेज में हुई खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ. एआर सी जेम्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के आदर्शों, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और एकता को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर एथलेटिक, बोरा दौड़, गोला फेक, रस्साकशी जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पदक, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों की खेल भावना और टीम वर्क की प्रशंसा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक नरेन्द्र देव मिर्झा, सहायक प्राध्यापक मोहन लाल वर्मा, जयंत मिंज, अभिषेक बंजारे, डॉ अजय कुमार, योगेंद्र कुमार कंवर, योगेश कुमार पटेल कार्यक्रम आदि मौजूद थे। यह आयोजन न केवल सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि थी, बल्कि युवाओं में एकता और फिटनेस का संदेश भी लेकर आया।



## सरदार पटेल की जयंती पर हुआ यूनिटी मार्च

**गोपालपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े एवं संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति पूरे आयोजन का केंद्र रही। अतिथियों ने सभी को एकता की शपथ दिलाई। यह क्षण न केवल औपचारिक था, बल्कि जनमानस में राष्ट्र के प्रति नई ऊर्जा जगाने वाला भी रहा। इस अवसर पर रेवती चन्द्रा जनपद उपाध्याय, ठाकुर मंडल अध्यक्ष, जांगड़े जिला प्रवक्ता, राम नाथ साहू, धान बाई साहू सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष, मानमती पहारु साहू सरपंच, डा. टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, राम दयाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नारायण प्रसाद साहू उपस्थित थे ।




## खबर संक्षेप



### दसरमा में धान खरीदी का शुभारंभ

**रिसदा।** जिले के प्राथमिक सहकारी समिति दसरमा में जनप्रतिनिधियों एवं समिति के पदाधिकारी एवं किसानों के द्वारा पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि नीलकंठ साहू, समिति अध्यक्ष आशाराम ध्रुव, उपसरपंच मोहन पैकरा, नेतराम साहू, जगत कोटवार, जेठूराम साहू, गिरधर साहू, प्रभारी समिति प्रबंधक क्षितिज पटेल, कर्मचारी टिकेश साहू, प्रमोद साहू, गजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### रिसदा में धान खरीदी शुरू



बलौदाबाजार। ग्राम रिसदा धान खरीदी केंद्र में माता अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, सरपंच गणेश राम साहू, डॉ. कुशल वर्मा, जितेंद्र धुरंधर, समिति अध्यक्ष जेठू राम यादव, जितेंद्र खुटे, परेश वैष्णव, गंगेश सोनवानी, मिथलेश वैष्णव, उमेंद साहू, सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

### संयंत्र ने पड़कीडीह में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया




**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड रावन सीएसआर द्वारा ग्राम पंचायत पड़कीडीह के बाजार मोहल्ला में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में ग्राम सरपंच नागेश वर्मा, ग्राम के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम में संयंत्र के सिविल विभाग से कपिलकांत तिवारी तथा सीएसआर अधिकारी रंजय पाण्डेय सहित टीम सदस्य सुरेंद्र कुमार यादव, ताराचंद वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकपुरी की उपस्थित रही।

## जिला स्तरीय बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बृजमोहन

# भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भगवान बिरसा मुण्डा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम क़ा शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद ने जिला मुख्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के संबोधन के जीवंत प्रसारण को टीवी पर देखा गया।

कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 1895-1900 के दौरान उलगुलान आंदोलन छेड़ा गया, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ बड़ी क्रांति थी। भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने अपने आंदोलन से देश में क्रांति की अलख जगाई जिसके कारण आज देश आजाद है। श्री अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी जंगलों और पर्यावरण के रक्षक हैं । सदियों से जल जंगल और धरती को बचाने का काम आदिवासी कर रहे हैं। उन्होंने भारत को आजादी दिलाने के संग्राम में आदिवासियों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि आदिवासी सबसे पुराने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे एकलव्य स्कूल, वन धन केंद्र, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, पीएम जनधन योजना का भी जिक्र किया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले की 46 पंचायतों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना संचालित है, जिसके तहत सभी इंडिकेटर्स में जिले में अच्छा काम किया जा रहा है। अब तक 9 इंडिकेटर्स में शत प्रतिशत संतृप्तता हासिल कर ली गई है। इसी प्रकार जिले की दो ग्राम पंचायतों में पीएम जनधन योजना के तहत विशेष जनजातीय समुदायों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने गौरवशाली जनजातीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नायकों के योगदान का स्मरण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।



### कुथरौद पंचायत में जनजातीय गौरव दिवस मना



**हिरमी रावन।** सिमगा जनपद पंचायत के ग्राम कुथरौद में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की वीरता, साहस और बलिदान को याद करते हुए जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से डॉ. मोहनलाल वर्मा सभापति जिला पंचायत, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमन्त बघमार, उमा अनंत जनपद सदस्य खोमलाल साहू जनपद सदस्य, सरपंच तारण दास अनंत,,रामकुमार साहू मंडल उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बताया कि यह दिवस जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों और समाज के अमूल्य योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा आदिम जाति कल्याण मंत्रालय की स्थापना और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए उठाए जा रहे कदम देशभर में ऐतिहासिक बदलाव ला रहे हैं। सुशासन सरकार भी जनजातीय भाई-बहनों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है।

## गोपालपुर में धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

प्राथमिक कृषी सहकारी समिति गोपालपुर में 15 मार्च को हीरालाल साहू अध्यक्ष ने किलो तराजू की पूजा अर्चना कर खरीदी का शुभारंभ किया। ज्ञात हो की सोसायटी के कर्मचारियों की हड़ताल से किसानों को टोकन कटवाने में परेशानी हो रही है। इसके चलते किसानों के धान के आवक नहीं रही। किसान नारायण प्रसाद साहू, जीवन साहू, भागवत साहू, सेवक साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि ऑनलाइन टोकन कटवाने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन टोकन नहीं कट पाया, जिससे परेशानी झेलना पड़ रही है। कार्यक्रम में संतोष केशरवानी सुपरवाइजर जिला सहकारी बैंक सरसीवां, डॉ. टेकलाल साहू, राम दयाल साहू, नारायण प्रसाद साहू, माधो साहू, फिरतू यादव, राम नारायण साहू, भागवत साहू, जीवन साहू एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

### लेवई में धान खरीदी का शुभारंभ



**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पांच के ग्राम लेवई में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, समिति प्रबंधक, समिति अध्यक्ष महामंत्री खुमान वर्मा एवं आसपास के गांव के जनपद सदस्य सरपंच एवं आसपास के गांव के सभी गणमान्य कृषक गण उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति के लिए निकाली जन जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोलिहा में नशा मुक्ति अभियान के तहत आज जनजागरूकता रैली निकाली गयी। साथ ही ग्राम में महिला कमांडो का गठन भी किया गया है। सरपंच पंचगण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से कोलिहा को नशा मुक्ति गांव बनाने की पहल की जा रही है। इसी परिपेक्ष में गांव में जन जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों का कहना है कि प्रदेश लगातार नशे की ओर बढ़ रहा है और नशे के चलते ही विभिन्न प्रकार के वारदात होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम कोलिहा को नशा मुक्त ग्राम बनाना हैद्ध इसी मंशा के अनुरूप जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है और नशे से दूर रहने एवं गांव में अवैध शराब सहित नशे से संबंधित कोई भी समान नहीं बेचे जाने की अपील भी की जा रही है। जनजागरूकता रैली के दौरान नारे लगाए गए जैसे कही देबे तैं मयारु ला, झन पीबे ते दारू ला यह नारा भी गांव की गलियों में लगाई गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच गीता संतोष साहू, सचिव सुरेश कुमार घिदौड़े एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## चौरेंगा और बनसांकरा में करोड़ों के सड़क निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम चौरेंगा एवं बनसांकरा में सड़क निर्माण का भूमिपूजन हुआ। पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने कहा प्रदेश में विष्णु देव की सरकार है और विष्णु के सुशासन में विकास के काम पर कोई भी परेशानी नहीं होगी। भाजपा जो कहती है वह करती है। शर्मा ने कहा विष्णु देव के सुशासन में लगातार हम प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, पेयजल, धान खरीदी हो चाहे धान की अंतर की राशि एक साथ देने की बात हो हमने अपने सारे वादे पूर्ण किए और लगातार विकास की ओर हम अग्रसर हैं। किसान नेता अनिल पांडे ने कहा जब हम पंच, सरपंच, जनपद जिला पंचायत सदस्य सोच विचार कर चुनते हैं, लेकिन हम विधायक चुनने के समय विचार नहीं करते कि जनप्रतिनिधि कैसा होना चाहिए। जो सुख दुख में आपके बीच में हमेशा उपस्थित रहे। पांडे ने कहा नशा जीवन के लिए सबसे खराब चीज है। ग्राम पंचायत चौरेंगा में महिला कमांडो के द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ आंदोलन छेड़ा गया है जो बड़े ही खुशी की बात है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविंद वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, बिल्ला टोंडे युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, कमलेश साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हेम सिंह चौहान, मनोज टोंडे, विलियम डिक्लेयर, राहुल ठाकुर, भोला वर्मा, सुरेश साहू, रिकी साहू, रामेश्वर वर्मा, रामेश्वर वर्मा, कामेश्वर वर्मा, नर्मदा वर्मा, अभिलाष वर्मा, पारस पाटकर, पप्पू साहू, सूर्यकांत ताम्रकार, चंदू वर्मा, शिव नायक, अखिलेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, फूलबाई एवं समस्त ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।



### पूर्व माध्यमिक शाला बाल दिवस मना

**अर्जुनी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस 14 नवंबर को पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में बाल दिवस मनाया गया। बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए चॉकलेट वितरण किया गया। प्रधान पाठक वंदना साव ने बच्चों को बताया कि 14 नवंबर के दिन बच्चों के अधिकारों शिक्षा और उनके समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। पं जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य है, लिहाजा उनकी शिक्षा पर किसी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए।

## युवा कांग्रेस नेता विमल अजय गिरफ्तार, राजनीतिक हलचल बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में आज राजनीतिक माहौल उस वक्त गरमा गया, जब भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के दौरे का विरोध करने की तैयारी कर रहे जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष विमल अजय को उनकी टीम समेत पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवा कांग्रेस ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए डबल इंजन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

युवा कांग्रेस ने जारी बयान में कहा यह विरोध प्रदर्शन भाजयुमो अध्यक्ष से जुड़े एक गंभीर मामले में सरकार द्वारा कथित तौर पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर था। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन व्यक्ति पर चाची से अवैध संबंध और एक नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास जैसे संगीन आरोप लगे हैं, सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है।



युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे अपना शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराते, उससे पहले ही पुलिस ने विमल अजय और उनके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद युवा कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और इसे सरकार की तानाशाही करार दिया है।

गिरफ्तारी के बाद युवा कांग्रेस ने एक बयान जारी कर मांग की है कि पूरे मामले की जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और बिना किसी राजनीतिक दबाव के की जाए। बयान में कहा गया, अपराधियों को संरक्षण देना और विरोध की आवाज को दबाना लोकतंत्र के लिए खतरा है। हम मांग करते हैं कि दोषी को सजा मिले और निर्दोष को न्याय। यह लोकतंत्र की बुनियादी जरूरत है।

## युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा का पलारी में हुआ भव्य स्वागत



**पलारी।** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का सिद्धेश्वर बाबा की पावन नगरी पलारी में प्रथम नगर आगमन पर पलारी मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात वीर शहीद भगतसिंह एवं शहीद युगल किशोर वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, जिला महामंत्री प्रशांत यादव, मण्डल महामंत्री संतोष वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष संतोषी मानिकपुरी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा अमित वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा खुशबू बंजारे, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संकेत वर्मा,पार्षद डोमार सिंह वर्मा, गौतम यादव, ताजेंद्र कनौजे, देवप्रसाद साहू,दीपक वर्मा, केशरी वर्मा, हेमंत साहू, जनपद सभापति उमेश पटेल, जनपद सदस्य रामबाबू पटेल आदि की उपस्थिति रही।

# माध्यमिक स्कूल के छात्रों ने गांव में की साफ-सफाई और लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बस्तविहीन सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब के छात्रों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। छात्रों ने तालाब क्षेत्र, मोहल्लों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर साफ–सफाई का कार्य किया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर ने छात्रों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। जब बच्चे स्वयं गांव में सफाई करते हैं, तो समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे अभियान बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को और मजबूत करते हैं। प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि हमारे छात्र गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है और छात्रों की यह पहल सभी के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक भारती तांती और मानसी की विशेष रूप से उपस्थित रही। उनके मार्गदर्शन ने बच्चों के उत्साह और कार्यशैली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार ने इस सफल अभियान के लिए सभी छात्रों को बधाई दी।





